उत्तर प्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन अनुभाग
संख्या–840 / तीन–2024–39(2) / 12
लखनऊ : दिनांक : 30 अक्टूबर, 2024

विज्ञप्ति

सामान्य प्रशासन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन की विज्ञप्ति संख्या–528 / तीन–2023–39(2) / 2016 दिनॉक 04 दिसम्बर, 2023 द्वारा वर्ष 2024 हेतु निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन घोषित राजपत्रित अवकाशों के अन्तर्गत प्रस्तर–2 के क्रमांक–20 पर दिनॉक 31–10–2024 को दीपावली के अवसर पर अवकाश घोषित किया गया है।

2– उत्तर प्रदेश में दीपावली का पर्व दिनांक 31.10.2024 के साथ–साथ दिनांक 01.11.2024 (दिन शुक्रवार) को भी मनाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त दिनॉक 01–11–2024 (दिन शुक्रवार) को भी दीपावली का सार्वजनिक अवकाश निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

3– दीपावली का सार्वजनिक अवकाश दिनॉक 01–11–2024 को इस शर्त के अधीन घोषित किया जाता है कि दिनांक 09–11–2024 (दिन शनिवार) को शासकीय कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की भॉति खुले रहेंगे।4

4– विज्ञप्ति दिनांक 04.12.2023 उक्त सीमा तक संशोधित समझी जाये।

जितेन्द्र कुमार
अपर मुख्य सचिव।

संख्या–840(1) तीन–2024, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल, उ0प्र0 शासन।
2– प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन।
3– समस्त अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव उ0प्र0 शासन।
4– प्रमुख सचिव विधान सभा / विधान परिषद, उ0प्र0
5– निबन्धक, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं लखनऊ को सूचनार्थ एवं ऐसी कार्यवाही हेतु प्रेषित जिसे मा0 उच्च न्यायालय आवश्यक समझे।
6– स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
7– महालेखाकार, उ0प्र इलाहाबाद।
8– सचिवालय प्रशासन अनुभाग–3 (अधि0) उत्तर प्रदेश शासन।
9– निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश।
10– उप सचिव एवं संयुक्त निदेशक, प्रकाशन उत्तर प्रदेश शासन
11– समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे कृपया उक्त विज्ञप्ति से अपने मण्डल के अन्तर्गत समस्त जिलाधिकारियों को सूचित करने का कष्ट करें।
12– समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
13– कुलपति, डा0 सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।
14– तकनीकी निदेशक, नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेन्टर (उत्तर प्रदेश राज्य इकाई) योजना भवन, लखनऊ को सामान्य प्रशासन विभाग की बेबसाईट पर डालने हेतु।
15– क्षेत्रीय निदेशक, उ0प्र0 एव उत्तरांचल, भारतीय रिजर्व बैक गोमतीनगर, लखनऊ।

आज्ञा से,

(उमेश यादव)
उप सचिव।